**Ref. No.**: SIL/CHD/2023-24/30012024

**Dated**: 30.01.2024

The Manager
Listing Department
BSE Limited (BSE)
Corporate Relation Department,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,25$^{TH}$ Floor
Dalal Street, Mumbai-400001

The Manager,
Listing Department,
National Stock Exchange of India Ltd (NSE)
Exchange Plaza, C-1 Block G, Bandra Kurla
Complex, Bandra, Mumbai -400051

**BSE Scrip Code: 526951**

**Trading Symbol: STYLAMIND**

**Sub: Publication of Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine month ended December 31, 2023.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Unaudited Financial Results (standalone and consolidated) for the quarter & Nine month ended December 31 ,2023 have been published by the company in the prescribed format in the Newspapers "The Business standard (English & Hindi) The same has been made available on the company's website at www.stylam.com

You are requested to please take above information on your record

Thanking You,

For Stylam Industries Limited

Sanjeev Kumar Sehgal
Digitally signed by Sanjeev Kumar Sehgal
Date: 2024.01.30 12:11:14 +05'30'


Sanjeev Kumar Sehgal
Company Secretary and Compliance Officer

**Stylam Industries Limited**
**Regd. Office:** SCO 14, Sector 7C, Madhya Marg, Chandigarh (INDIA)-160019, **T:** +91-172-5021555/5021666, **F:** +91-172-5021495
**Works I:** Plot No. 192-193, Industrial Area Phase-1, Panchkula (Haryana) INDIA - 134109, **T:** +91-172-2563907/2565387
**Wotks II:** Village Manak Tabra towards Raipur Rani, Mattewala Chowk, Distt. Panchkula (Haryana)
**W:** www.stylam.com, **CIN:** L20211CH1991PLC011732 (Govt. of India recognised Star Export House)



## खबरों में रहे स्टॉक


### आजाद इंजीनियरिंग




इंजन के महत्वपूर्ण पुर्जों के उत्पादन और आपूर्ति के लिए रोल्स-रॉयस संग करार

₹ 676.3 पिछला बंद भाव
₹ 711.7 आज का बंद भाव
5.2 % ▲


### वीए टेक वाबैग




बायो-सीएनजी संयंत्र स्थापित करने को पीक सस्टेनेबिलिटी वेंचर्स के साथ करार

₹ 606.0 पिछला बंद भाव
₹ 647.0 आज का बंद भाव
6.8 % ▲


### टाटा पॉवर कंपनी




चेंगमारी टी एस्टेट में 1,040 किलोवॉट बाइफेशियल सौर प्रणाली परियोजना शुरू

₹ 365.1 पिछला बंद भाव
₹ 381.9 आज का बंद भाव
4.6 % ▲


### मैन इन्फ्राकंस्ट्रक्शन




मुंबई में करीब 5 लाख वर्ग फुट की नई लक्जरी आवासीय परियोजना शुरू की

₹ 225.9 पिछला बंद भाव
₹ 237.9 आज का बंद भाव
5.3 % ▲

### पावर मेक प्रोजेक्ट्स




645 करोड़ रुपये के नये ऑर्डर मिले

₹ 4,937.7 पिछला बंद भाव
₹ 5,049.4 आज का बंद भाव
2.3 % ▲

## संक्षेप में

### अदाणी ग्रीन एनर्जी को 256 करोड़ का मुनाफा

अदाणी ग्रीन एनर्जी का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 148 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 256 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 103 करोड़ रुपये था। अदाणी ग्रीन एनर्जी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कुल आय बढ़कर 2,675 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 2,256 करोड़ रुपये थी। कंपनी के मुख्य कार्य अधिकारी अमित सिंह ने एक बयान में कहा 'हाल ही में घोषित इक्विटी तथा ऋण पूंजी वृद्धि के साथ हमने 2030 तक लक्षित 45 गीगावॉट क्षमता के लिए एक अच्छी तरह से सुरक्षित विकास पथ के लिए पूंजी प्रबंधन ढांचा तैयार किया है।' उन्होंने कहा कि कंपनी गुजरात के खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने पर भी काम कर रही है। कंपनी की परिचालन क्षमता सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर बढ़कर 8,478 मेगावॉट हो गई। अप्रैल-दिसंबर 2023 की अवधि में बिजली की बिक्री सालाना आधार पर 59 प्रतिशत बढ़कर 16,29.3 यूनिट हो गई। *भाषा*

### अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का लाभ 27 प्रतिशत घटा

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस (एईएसएल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 348.25 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 478.07 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी को उस समय 240 करोड़ रुपये की एकमुश्त नियामकीय आय हुई थी। *भाषा*

# आईटीसी का शुद्ध लाभ बढ़ा

**बीएस संवाददाता और भाषा**
नई दिल्ली/मुंबई/चेन्नई, 29 जनवरी

विभिन्न कारोबार क्षेत्रों में काम करने वाली कंपनी आईटीसी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) का एकीकृत शुद्ध लाभ 6.6 प्रतिशत बढ़कर 5,335.23 करोड़ रुपये रहा है, जो पहले पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही 5,006.65 करोड़ रुपये था। आईटीसी लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उत्पाद बिक्री से उसकी सकल आमदनी आलोच्य तिमाही में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 19,337.84 करोड़ रुपये हो गई। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 18,901.76 करोड़ रुपये रही थी। आईटीसी की परिचालन आय समीक्षाधीन तिमाही में 2.43 प्रतिशत बढ़कर 19,484.50 करोड़ रुपये रही है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 19,020.65 करोड़ रुपये रही थी। दिसंबर, 2023 तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 5.33 प्रतिशत बढ़कर 13,453.73 करोड़ रुपये हो गया।



**गेल इंडिया के लाभ में आई 10 गुना उछाल**

सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 10 गुना उछलकर 2,842.62 करोड़ रुपये हो गया। गेल इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि गैस परिवहन से लेकर पेट्रोरसायन तक सभी कारोबार क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन से उसके शुद्ध लाभ में जोरदार बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 245.73 करोड़ रुपये था। वहीं जुलाई-सितंबर, 2023 की तिमाही में इसका लाभ 2,404.89 करोड़ रुपये था। हालांकि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की तिमाही में कंपनी का परिचालन राजस्व 34,253.52 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर बना रहा। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में गेल इंडिया का शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत बढ़कर 6,659.51 करोड़ रुपये हो गया जबकि इसका राजस्व 98,303.61 करोड़ रुपये रहा। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि आलोच्य तिमाही में सभी प्रमुख कारोबार खंडों में प्रदर्शन बेहतर रहा है।

**बीपीसीएल का शुद्ध लाभ 82 प्रतिशत बढ़ा**


सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 82 प्रतिशत बढ़कर 3,181.42 करोड़ रुपये रहा है। उम्मीद से बेहतर रिफाइनिंग मार्जिन और ईंधन बिक्री पर अधिक मार्जिन की वजह से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी का पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 1,747.01 करोड़ रुपये था। हालांकि, कंपनी का मुनाफा पिछली तिमाही (जुलाई-सितंबर, 2023) के 8,243.55 करोड़ रुपये के आंकड़े से कम रहा है। तिमाही के दौरान बीपीसीएल को प्रत्येक बैरल कच्चे तेल को पेट्रोल या डीजल ईंधन में बदलने पर 13.3 डॉलर की प्राप्ति हुई। ईंधन विपणन से कर-पूर्व कमाई तीसरी तिमाही में बढ़कर 4,372.93 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,618.95 करोड़ रुपये थी। हालांकि यह जुलाई-सितंबर तिमाही के 11,283.29 करोड़ रुपये से कम है। इस अवधि में कंपनी की परिचालन आय मामूली रूप से घटकर 1.3 लाख करोड़ रुपये रही। इस बीच अक्टूबर-दिसंबर में बीपीसीएल का विपणन मार्जिन (मुनाफा) 3.5 रुपये प्रति लीटर रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने अप्रैल-दिसंबर में कंपनी ने अपना अबतक का सर्वाधिक 22,069.27 रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया। कंपनी को अप्रैल-दिसंबर, 2022 में 4,739.42 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

**एसबीआई कार्ड और एयू एसएफबी के नतीजे कमजोर**

एसबीआई कार्ड का शेयर 6.56 फीसदी कमजोर हुआ जबकि एयू एसएफबी का शेयर 11.83 फीसदी लुढ़क गया। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में एसबीआई कार्ड का शुद्ध लाभ पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8 फीसदी बढ़कर 549 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का राजस्व भी 30 फीसदी बढ़कर 4,742 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, पिछली तिमाही के मुकाबले कंपनी के मुनाफे में 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह, एयू स्मॉल फाइनैंस बैंक का शेयर भी दिसंबर तिमाही के दौरान परिसंपत्ति गुणवत्ता और शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) में गिरावट के कारण दबाव में रहा। बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन तिमाही में घटकर 5.5 फीसदी रह गया।

# आशावाद से सराबोर है भारत : बिड़ला

**बीएस संवाददाता**
मुंबई, 29 जनवरी



**'भारत आशावाद, गौरव और उम्मीदों से भरा हुआ है। यह उम्मीद हमारे देश के तेज गति वाले उच्च विकास पथ से उपजी है। इसके लिए काफी श्रेय हमारी सरकार को जाता है।' - बिड़ला**

**इजरायल** और यूक्रेन में चल रहे युद्धों के कारण जहां दुनिया का बड़ा हिस्सा निराशा में डूबा हुआ है, वहीं भारत दृढ़ आशावाद के साथ आगे बढ़ता दिख रहा है। इसका श्रेय पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार द्वारा उठाए कदमों को जाता है। यह राय आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला की है।

समूह के कर्मचारियों को लिखे एक संदेश में बिड़ला ने कहा कि इस बात का अहसास हो रहा है कि देश आगे बढ़ रहा है। बिड़ला ने कहा 'भारत आशावाद, गौरव और उम्मीदों से भरा हुआ है। यह उम्मीद हमारे देश के तेज गति वाली उच्च वृद्धि से उपजी है। इसके लिए काफी श्रेय हमारी सरकार को जाता है।'

उन्होंने कहा 'किसी राष्ट्र की प्रगति के क्रम में एक क्षण ऐसा आता है, जब आप खास धड़कन अनुभव करते हैं। एक गहरा प्रभावशाली क्षण - राष्ट्र के आत्मविश्वास की धड़कन। शायद अब ऐसे सूचकांक की कल्पना करने का समय आ गया है जो किसी राष्ट्र के सामूहिक विश्वास को दर्शाता हो। इसे राष्ट्रीय आत्मविश्वास सूचकांक कह सकते हैं।'

जैसे-जैसे कारोबार समृद्ध हुआ है, वर्ष 2023 आदित्य बिड़ला समूह के लिए कई उपलब्धियों वाला रहा है। ब्लूमबर्ग इंडिया की समृद्ध लोगों की सूची में 11वें स्थान पर मौजूद बिड़ला ने दूरसंचार जैसे एकल कारोबारों पर टिप्पणी किए बिना कहा 'हमारे समूह का बाजार पूंजीकरण पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत बढ़कर तकरीबन 90 अरब डॉलर हो गया, हमारे बड़े स्तर के विनिर्माण कारोबारों ने अपने नेतृत्व की स्थिति को मजबूत किया और हमारे उपभोक्ता कारोबार बदलाव वाले विकास की देहरी पर हैं। वर्ष 2024 में हम दो नए बड़े कारोबारों की शुरुआत कर रहे हैं।'


## अधिग्रहण सूचना

**एडलवेस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
**सीआईएनः U67100MH2007PLC174759**
**खुदरा मध्य एवं पंजी. कार्यालय :** एडलवेस हाउस, ऑफ सी.एस.टी. रोड, कलीना, मुंबई–400098

जबकि, यहां इसमें नीचे वर्णित प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (अधिनियम) 2002 के अंतर्गत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, निम्न वर्णितानुसार उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत निर्गत एक मांग सूचना निर्गत की थी, जिसमें उधारकर्ता(ओं) को सूचना में अंकित राशि का उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
इसके उपरांत, यहां इसमें वर्णित एसाइनर ने वित्तीय परिसंपत्तियों को एडलवेस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, जो कि यहां नीचे वर्णित विभिन्न ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता के अंतर्गत (यहां इसमें इसके उपरांत "ईएआरसी" के रूप में संदर्भित) कार्यरत् है, को एसाइंड कर दिया था। एसाइमेंट अनुबंधों के अनुपालन में, सरफॉएसि अधिनियम 2002 की धारा 5 के अंतर्गत, ईएआरसी ने एसाइनर का कार्यभार अपने हाथ में ले लिया है तथा उधारकर्ता(ओं)/सह–उधारकर्ता(ओं) द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता के संदर्भ में, रेखांकित प्रतिभूति हितों, गारंटियों, बंधकों के साथ एसाइनर के समस्त अधिकार, स्वामित्व एवं हित, ईएआरसी में निहित हो चुके हैं और ईएआरसी जो है वह प्रतिभूत ऋणदाता के रूप में अपने समस्त अधिकारों का प्रयोग आरंभ करने हेतु प्राधिकृत है।
कि उधारकर्ता निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल हो चुके हैं अतएव एतद्द्वारा उधारकर्ता(ओं)/सह–उधारकर्ता(ओं) तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने ईएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, यहां इसमें निम्न विवरणित बंधककृत संपत्ति का, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, प्रत्येक खाता/बंधककृत संपत्ति के समक्ष अंकित संबंधित तिथि पर अधिग्रहण कर लिया है।
उधारकर्ता का ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचनार्थ उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है। उधारकर्ता(ओं) को विशेष रूप में तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का संव्यवहार न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का संव्यवहार, यहां इसमें उपर्युक्त तालिका में अंकित राशि तथा राशि पर नियत ब्याज हेतु एडलवेस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | एसाइनर का नाम | ट्रस्ट का नाम | ऋण खाता संख्या | उधारकर्ता एवं सह–उधारकर्ता(ओं) के नाम | मांग सूचना की राशि एवं तिथि | अधिग्रहण की तिथि | अधिग्रहण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | EARC TRUST SC - 477 | 13500008785 | श्री जितेंद्र कुमार (उधारकर्ता) एवं श्रीमती दयावती डी (सह–उधारकर्ता) | रु. 38,24,968.04/– एवं 16.06.2023 | 25.01.2024 | भौतिक अधिग्रहण |
| | **संपत्ति का विवरण :** भूखंड सं. 14 के समस्त भाग तथा अंश, मापन 14 मारला, जो खेवट सं. 394, खतौनी सं. 417, खसरा सं. 51//1(8–0) में समाविष्ट, 14/160वें अंश के रूप में, अर्थात् 0 कनाल 14 मारले (420 वर्ग गज), जो मौजा बकाना, हदबस्त सं. 40, तहसील–रदौर, जनपद–यमुना नगर, हरियाणा में स्थित तथा निम्नानुसार परिसीमित है : पूर्व– अन्य का भूखंड, उत्तर– भूखंड सं. 13, पश्चिम– गली 20' चौड़ी, दक्षिण– सुरेश कुमार की कृषि भूमि। | | | | | | |
| 2. | पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड | EARC TRUST SC - 477 | 14100003044, 14100003045 & 14100003444 | मैसर्स आकाश ऑटोमोबाइल्स (उधारकर्ता), मैसर्स अजय इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फर्नीचर हाउस (सह–उधारकर्ता), आकाश तैश (सह–उधारकर्ता), बलदेव सिंह (सह–उधारकर्ता) तथा श्यामो देवी (सह–उधारकर्ता) | रु. 2,18,30,658.37/– एवं 31.10.2023 | 25.01.2024 | भौतिक अधिग्रहण |
| | **संपत्ति का विवरण :** संपत्ति सं. 1 : भूमि के समस्त वह भाग तथा अंश मापन 4.5 मारला, जो खेवट / खतौनी सं. 335/401 खसरा सं. 37//12/2 में समाविष्ट है, जो कि कुल भूमि माप 3 कनाल 10 मारले का 9/140वां अंश है, जो मौजा रसूलपुर, हदबस्त सं. 138, तहसील–बिलासपुर, जनपद–यमुना नगर, हरियाणा में स्थित है। **संपत्ति सं. 2 :** भूमि के समस्त वह भाग तथा अंश मापन 7 मारला, जो खेवट / खतौनी सं. 119/151 खसरा सं. 37//19/1 में समाविष्ट है, जो कुल भूमि माप 3 कनाल 14 मारले, और भूमि मापन 1 मारला का 7/74वां अंश है जो खेवट / खतौनी सं. 337/403 खसरा सं. 37//12/3 में समाविष्ट है, जो कि कुल भूमि माप 16 मारले का 1/16वां अंश है, जिसके आधार पर स्वामित्सधारक भूमि 8 मारले के रूप में, मौजा रसूलपुर, हदबस्त सं. 138, तहसील–बिलासपुर, जनपद–यमुना नगर, हरियाणा में स्थित है। | | | | | | |

**स्थान : यमुना नगर, दिनांक : 30–01–2024** **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, एडलवेस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**

Edelweiss Asset Reconstruction



## भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
**Container Corporation of India Ltd.**
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
कॉनकॉर CONCOR
Azadi Ka Amrit Mahotsav

**"25 केवी एसी ट्रैक्शन चालू करना" "सार्वजनिक अधिसूचना"**

पूर्व तट रेलवे के जाजपुर क्योंझर रोड स्टेशन से टेकिंग ऑफ के साथ एमएमएलपी के लाइन नं. 1 एवं 2 के लिए रेल कनेक्टिविटी की कॉनकॉर, जाजपुर प्राइवेट साइडिंग के पूर्ण हुए खण्ड पर स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 25000 वोल्ट 50 हर्ट्ज (Hz), एसी ओवरहैड ट्रैक्शन वायर खण्ड के सामने दी गई निर्धारित तारीख को या उसके बाद चालू हो जाएंगे। उस तारीख से ओवरहैड ट्रैक्शन लाइन को हर समय चालू माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त ओवरहैड चालू लाईन के निकट या आस–पास प्रवेश या अन्य कोई कार्य नहीं करेगा।

| क्र. सं. | खंड | से: एलओसी नं. | से: चैनेज | तक: एलओसी नं. | तक: चैनेज | टी के एम | चालू होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | JJKR- CONCOR (Line-1) | 182BP-12 (From JJKR end) | 337/842 | CON/66 | 339/312.0 | 1.47 | 31.01.2024 |
| | JJKR- CONCOR (Line-2) | CON/01 | 337/123.93 | CON/67 | 339/316.50 | 2.19 | |
| | JJKR- CONCOR (Brake Van Loop) | CON/08 | 338/1429.24 | CON/20 | 338/1673.44 | 0.24 | |
| | JJKR- CONCOR (X/O L1 to L2) | CON/48 | 338/2206.615 | CON/45 | 338/2280.775 | 0.074 | |
| | JJKR- CONCOR (X/O L2 to L1) | CON/61 | 339/2406.65 | CON/58 | 339/2483.34 | 0.077 | |
| | कुल टीकेएम | | | | | 4.051 | |

चालू होने की तिथि: 31.01.2024 समूह महाप्रबंधक (पीएंडएस), कॉनकॉर


**वोडाफोन आइडिया के घाटे में आई कमी**

आर्थिक मुश्किलों का सामना कर रही दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) का घाटा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कम होकर 6,986 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 7,990 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वोडाफोन आइडिया का परिचालन राजस्व 10,673.1 करोड़ रुपये रहा। *भाषा*

# सैमसंग भारत में शुरू करेगी लैपटॉप निर्माण



**दक्षिण** कोरिया की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग की इस साल भारत में नोएडा स्थित अपने कारखाने में लैपटॉप का विनिर्माण शुरू करने की योजना है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के अध्यक्ष तथा मोबाइल एक्सपीरियंस (एमएक्स) कारोबार के प्रमुख टीएम रो ने भारत को अपना महत्वपूर्ण विनिर्माण आधार करार देते हुए पत्रकारों से कहा कि भारत में लैपटॉप के विनिर्माण की तैयारी जारी है।

भारत दौर पर आए रोह ने कहा, 'हम इस साल नोएडा कारखाने में लैपटॉप का विनिर्माण शुरू करेंगे। तैयारियां जारी हैं।' रो ने कहा कि भारत कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण विनिर्माण आधार है। इसे राज्य और केंद्र सरकारों से विभिन्न स्तरों पर समर्थन मिला है। कंपनी भारत में विनिर्माण को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ सहयोग करना जारी रखेगी। कंपनी ने हाल ही में गैलेक्सी एस24 श्रृंखला का स्मार्टफोन पेश किया है जिसमें कृत्रिम मेधा (एआई) क्षमता पर अधिक ध्यान दिया गया है।

सैमसंग ने नोएडा कारखाने में गैलेक्सी एस24 का विनिर्माण करने की भी घोषणा की है। रोह ने कहा 'नोएडा सैमसंग के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण उत्पादन स्थान है। यह सैमसंग का दूसरा सबसे बड़ा आधार है। वैश्विक मांग के लिए संयंत्र का सर्वोत्तम इस्तेमाल करने के लिए इसमें कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। हालांकि, जो अपरिवर्तित है वह यह कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण आधार है।' नोएडा कारखाने में फीचर फोन, स्मार्टफोन, वियरेबल तथा टैबलेट का उत्पादन पहले ही किया जा रहा है और अब कंपनी इस साल लैपटॉप का विनिर्माण शुरू करेगी। *भाषा*


## स्टाईलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड
CELEBRATING 32 YEARS — STYLAM®
सीआईएन नं.: L20211CH1991PLC011732
**पंजीकृत कार्यालयः एससीओ 14 सेक्टर 7सी, मध्य मार्ग, चंडीगढ़–160019**
**ईमेलः** cs@stylam.com, **वेबसाइटः** https://www.stylam.com

**31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए अलेखापरीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2023 | समाप्त तिमाही 31.12.2022 | समाप्त नौ माह 31.12.2023 | समाप्त नौ माह 31.12.2022 | समाप्त वर्ष 31.12.2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालन से कुल आय | 21654.33 | 23421.17 | 67859.61 | 71605.27 | 95357.72 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों से पूर्व) | 4350.29 | 3171.36 | 12326.03 | 9182.71 | 12807.11 |
| 3. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, विशिष्ट और/या असाधारण मदों के बाद) | 4350.29 | 3171.36 | 12326.03 | 9182.71 | 12807.11 |
| 4. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों के बाद) | 3133.46 | 2403.07 | 9086.65 | 6919.00 | 9598.02 |
| 5. | अवधि के लिए कुल समग्र आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य समग्र आय (कर पश्चात) सम्मिलित] | 3133.39 | 2403.07 | 9086.44 | 6919.00 | 9597.74 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 847.40 | 847.40 | 847.40 | 847.40 | 847.40 |
| 7. | प्रति शेयर अर्जन: 1. बेसिक 2. डायल्यूटेड (रु. लाखों में) | 18.49<br>18.49 | 14.18<br>14.18 | 53.61<br>53.61 | 40.82<br>40.82 | 56.63<br>56.63 |

**नोटः**
1. स्टाईलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड और इसकी अनुषंगियों के उपर्युक्त परिणामों की 29 जनवरी, 2024 को आयोजित बैठकों में क्रमशः लेखापरीक्षण समिति द्वारा समीक्षा और निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदत किया गया है।
2. ऊपर सेबी (सूचीबद्ध और अन्य प्रकटन आवश्यकताएँ) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में पेश किए 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत रूप का सार है। 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही और नौ माह के लिए अलेखापरीक्षित तिमाही तथा एकल और समेकित वित्तीय परिणामों का विस्तृत पूर्ण रूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.stylam.com) पर भी उपलब्ध है।
3. कंपनी के अलेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों की सूचना निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2023 | समाप्त तिमाही 31.12.2022 | समाप्त नौ माह 31.12.2023 | समाप्त नौ माह 31.12.2022 | समाप्त वर्ष 31.03.2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालन से कुल आय | 21652.68 | 23418.72 | 67855.18 | 71600.71 | 95352.90 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों से पूर्व) | 4348.48 | 3168.83 | 12321.60 | 9178.22 | 12802.68 |
| 3. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट और/या असाधारण मदों के बाद) | 3131.12 | 2401.18 | 9083.37 | 6915.64 | 9594.69 |

**निदेशक मंडल की ओर से व उन्हीं के लिए**
**स्टाईलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**दिनांकः 29 जनवरी, 2024** **हस्ता./– जगदीश गुप्ता,**
**स्थानः चंडीगढ़** **प्रबंध निदेशक**



## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनितिक दल **"सबका विकास पार्टी"** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय – खाता संख्या. 639/696 से 715 खसरा संख्या. 231(102-18), ग्राम करोरा, वर्तमान दशमेश नगर, नया गाँव, तहसील खरड़, निकट क्राइस्ट द किंग चर्च, ज़िला मोहाली, पंजाब- 160103 में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के अधीन राजनितिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है - पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पते नीचे दिए गए है -

**राष्ट्रीय अध्यक्ष – ब्रायन एंडरसन**
म.न.#141ऐन, विक्टोरिया एन्क्लेव, जीरकपुर, तहसील डेरा बस्सी, जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर, पंजाब - 140603

**राष्ट्रीय महासचिव – अरुण हेनरी**
म.न.2247, ईसा नगरी, वार्ड न. 50, लुधियाना सेंट्रल, तहसील लुधियाना ईस्ट, जिला लुधियाना, पंजाब - 141007

**राष्ट्रीय सचिव व कोषाध्यक्ष – दीपक कुमार**
म.न.एफ 20/27, आबादी नेहरू कॉलोनी, गाँव तुंगबाला, तहसील अमृतसर, जिला अमृतसर, पंजाब - 143001

यदि किसी को **सबका विकास पार्टी** के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित, सचिव (राजनितिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।


# स्पाइसजेट 900 करोड़ रुपये से करेगी विस्तार

**विमानन** कंपनी स्पाइसजेट इस महीने 900 करोड़ रुपये के अधिक कोष के साथ अपने बेड़े के उन्नयन तथा लागत में कटौती के उपायों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

एयरलाइन द्वारा वरिष्ठ कर्मचारियों को सोमवार को भेजे एक आंतरिक पत्र के अनुसार, अब उसके पास 900 करोड़ रुपये से अधिक की पर्याप्त राशि है। इसमें सरकार से आपात क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) के तहत किस्त के रूप में प्राप्त 160 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। कंपनी को अब तक ईसीएलजीएस के तहत करीब 1,000 करोड़ रुपये मिले हैं। एक अधिकारी ने बताया कि हाल ही में कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह द्वारा एयरलाइन में निवेश करने के बाद यह नई किस्त जारी की गई। अधिकारी ने बताया कि कि एयरलाइन ने तीन महीने में कुल 1,100 करोड़ रुपये से अधिक का कोष जुटाया है। *भाषा*


## सीएफएम असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
CFM Asset Reconstruction Pvt. Ltd — THINK TRUST
**कार्पोरेट कार्यालय :** प्रथम तल, वेकफील्ड हाउस, स्प्रॉट रोड, बैलार्ड ईस्ट, मुंबई–400 038
**पंजीकृत कार्यालय :** ब्लॉक नंबर ए/1003, वेस्ट गेट, निकट वाईएमसीए क्लब, सर नंबर 835/1+3, एस.जी. हाईवे, मकरबा, अहमदाबाद – 380051. **ई–मेल : info@cfmarc.in, फोन : +91–22 49703233 (बोर्ड लाइन) सीआईएन : यू67100जीजे2015पीटीसी083994**

**कब्जा सूचना (नियम 8 (1) देखें)**

जबकि, एग्रीवाइज फिनसर्व लिमिटेड (पूर्वतः स्टार एग्री फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) ने समनुदेशन विलेख दिनांकित 30–11–2021 के माध्यम से आपके निम्नांकित ऋण खातों के संबंध में, अन्य के साथ, आपके द्वारा देय और बकाया ऋण, इसके अधिकार, स्वत्वाधिकार, हितों, लाभों और ऋण के प्रतिभुगतान के लिए अचल सम्पत्ति के संबंध में सृजित प्रतिभूति हित सहित **सीएफएम असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (सीएफएम–एआरसी)** के पक्ष में समनुदेशित कर दिए हैं। अधोहस्ताक्षरी ने, सीएफएम–एआरसी के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, **सीएफएमएआरसी ट्रस्ट–90** के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यवाही करते हुए तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधिनियम की धारा 13 (2) के अधीन मांग सूचना जारी की थी, जिसमें निम्नवर्णित कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों) और बंधकदाताओं से सूचना में वर्णित बकाया राशियां उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।
कर्जदार उक्त बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों) और बंधकदाताओं तथा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने सीएफएमएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।

| कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/बंधकदाता का नाम एवं ऋण खाता संख्या | मांग सूचना तिथि एवं राशि | मांग सूचना तिथि / कब्जा की तिथि |
|---|---|---|
| **श्री नरेश कुमार पिता हुकुम चंद** (कर्जदार) **तथा श्रीमती नन्ही देवी पत्नी हुकमा और श्री हुकमा पिता निहालू** (सह–कर्जदार) | **रू. 9,26,002.00** (रूपए नौ लाख छब्बीस हजार दो मात्र) 19 अप्रैल, 2023 तक बकाया | 08–05–2023 / 25–01–2024 |
| **अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्तियों का वर्णन निम्नानुसार है :– (प्रतिभूति/बंधक सम्पत्ति का विस्तृत विवरण) : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :** भूमि परिमाप 12 मरला, जोकि ग्राम उझाना तहसील एवं जिला कैथल में स्थित खेवट नंबर 96 मिन खसरा नंबर 199(1–8), 201(2013) में शामिल भूमि परिमाप 4 कनाल 1 मरला का 12/81 हिस्सा है, पर निर्मित मकान, जिसका विस्तृत विवरण जेएसआर कैथल के कार्यालय में पंजीकृत विमोचन विलेख सं. 2013/1 दिनांकित 07–02–2018 में वर्णित किया गया है। | | |
| **श्री दिनेश कुमार पिता सुखबीर सिंह** (कर्जदार) **तथा श्रीमती सुनीता पत्नी सुखबीर** (सह–कर्जदार) | **रू. 10,55,392.00** (रूपए दस लाख पचपन हजार तीन सौ बानवे मात्र) 19 मई, 2023 तक तथा **रू. 1,80,685** (रूपए एक लाख अस्सी हजार छः सौ पिचासी मात्र) 25 मई, 2023 तक बकाया | 26–05–2023 / 25–01–2024 |
| **अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्तियों का वर्णन निम्नानुसार है :– (प्रतिभूति/बंधक सम्पत्ति का विस्तृत विवरण) : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड :** ग्राम फराल, उप–तहसील ढांड, जिला कैथल में स्थित खेवट नंबर 241, खतौनी नंबर 277, खसरा नंबर 821//16 ट्रांसफर वसीका नंबर 1651/1 दिनांकित 25–11–2016 पंजीकृत। | | |

कर्जदार, अधिनियम के तहत, सीएफएमएआरसी की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से नहीं कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति, जो अधिनियम के प्रावधानों अथवा तदधीन विरचित नियमों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के तहत कारावास तथा/अथवा अर्थदंड का भागी होगा।

**हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी**
**तिथि : 25–01–2024** **सीएफएम असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
**स्थान : कैथल** **(सीएफएमएआरसी ट्रस्ट–90 के ट्रस्टी के रूप में कार्यरत)**


**चंडीगढ़ संस्करण** : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ रेगस चंडीगढ़, हार्मनी लेवल 4, टावर-ए, गोदरेज इटर्निया प्लॉट नं. 70, इंडस्ट्रियल एरिया 1, चंडीगढ़-160002 से प्रकाशित एवं इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं